सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट रिपोर्ट: द इंडिया स्टोरी

प्रिलिम्स के लिये:

ऑक्सफैम इंटरनेशनल, विश्व आर्थिक मंच, अनौपचारिक क्षेत्र, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, विंडफॉल टैक्स।

मेन्स के लिये:

उचित संसाधन आवंटन के संदर्भ में ऑक्सफैम इंटरनेशनल रिपोर्ट का महत्त्व।

चर्चा में क्यों?

ऑक्सफैम की रिपोर्ट **"सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्ट: द इंडिया स्टोरी"** के अनुसार, भारत में सबसे अमीर 1% आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का 40% से अधिक हिस्सा है, **जबकि एक-साथ वर्ष 2012 और 2021 के दौरान नीचे की आधी आबादी की संपत्ति में हिस्सेदारी मात्र 3% रही।**

- **ऑक्सफैम इंटरनेशनल** ने दावोस में **विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक** के पहले दिन भारत के संदर्भ में अपनी वार्षिक असमानता रिपोर्ट भी जारी की।
- रिपोर्ट के अनुसार, **भारत के शीर्ष 10 सबसे धनी व्यक्तियों पर 5% कर लगाने** से बच्चों को स्कूल में पुनः नामांकित करने के लिये पर्याप्त धन मिल सकता है।

//

प्रमुख बिंदु

- **लैंगिक असमानता:**
  - रिपोर्ट में भारत में लैंगिक असमानता पर भी प्रकाश डाला गया है, जिसमें कहा गया है कि **पुरुष श्रमिकों द्वारा अर्जित प्रति 1 रुपए के मामले में महिला श्रमिकों को केवल 63 पैसे मिलते हैं।**
  - सामाजिक-आर्थिक रूप से बेहतर स्थिति वाले लोगों की तुलना **में वर्ष 2018 और 2019 में अनुसूचित जाति** और **ग्रामीण मज़दूरों** की हिस्सेदारी क्रमशः 55% और 50% ही रही।
- **सामाजिक असमानता:**
  - **ऑक्सफैम इंडिया** के अनुसार, **सिर्फ सबसे अमीर लोगों को प्राथमिकता दिये जाने** के कारण **देश में हाशिये पर रहने वाले समुदाय** जैसे- **दलित, आदिवासी, मुस्लिम, महिलाएँ और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिक** पीड़ित हैं।
  - भारत में अमीरों की तुलना में गरीब **असमान रूप से उच्च करों का भुगतान कर रहे हैं** और आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं।
- **असमानता कम करने के लिये सुझाए गए उपाय:**
  - **असमानता को कम करने** और सामाजिक कार्यक्रमों के लिये **राजस्व की व्यवस्था** करने के लिये **विरासत, संपत्ति और भूमि करों के साथ-साथ शुद्ध संपत्ति पर करों का लागू किया जाना।**
  - राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में परिकल्पित वर्ष 2025 तक **स्वास्थ्य क्षेत्र के बजटीय आवंटन को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5% तक करना।**
  - **शिक्षा** के लिये **बजटीय आवंटन** को **सकल घरेलू उत्पाद के 6% के वैश्विक बेंचमार्क/मानदंड** तक बढ़ाना।
  - ऑक्सफैम ने इन मुद्दों के हल के रूप में **अमीरों पर करों में वृद्धि करने का** तर्क दिया, **एकमुश्त कर के कार्यान्वयन की व्यवस्था** हो और एक **न्यूनतम कर दर का निर्धारण** भी हो।
  - ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने उन खाद्य कंपनियों का आह्वान किया है जो मुद्रास्फीति बढ़ने के कारण अधिक मुनाफा कमा रही हैं, उन्हें अप्रत्याशित करों (विंडफॉल टैक्स) का सामना करना पड़ेगा।
    - इसके पीछे विचार यह है कि इन कंपनियों को खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से लाभ हुआ है तथा उन्हें गरीबी और असमानता को दूर करने में मदद के लिये उचित योगदान देना चाहिये।
    - यह उपाय गरीबी और असमानता को कम करने में मदद करने वाले सामाजिक कार्यक्रमों का समर्थन करने हेतु सरकारों के लिये राजस्व उत्पन्न कर सकता है।
    - पुर्तगाल ने सुपरमार्केट तथा हाइपरमार्केट शृंखला सहित ऊर्जा कंपनियों एवं प्रमुख खाद्य खुदरा विक्रेताओं दोनों पर अप्रत्याशित कर पेश किये।
- **आँकड़ों के स्रोत:**

- यह रिपोर्ट देश में संपत्ति की असमानता और अरबपतियों की संपत्ति के बारे में जानकारी के लिये **फोर्ब्स** एवं **क्रेडिट सुइस** सहित कई स्रोतों के आँकड़ों पर आधारित है।
- इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (NSS), केंद्रीय बजट दस्तावेज़ और **संसदीय प्रश्नों** जैसे सरकारी स्रोतों का उपयोग पूरी रिपोर्ट में दिये गए तर्कों की पुष्टि करने के लिये किया गया है।

विंडफॉल टैक्स:

- विंडफॉल टैक्स/अप्रत्याशित कर अप्रत्याशित या असाधारण लाभ पर लगाए गए कर हैं, जो कि **आर्थिक संकट**, **युद्ध** या प्राकृतिक आपदाओं के समय प्राप्त किये गए हैं।
- सरकारें आमतौर पर ऐसे लाभ पर कर की सामान्य दरों के अलावा **पूर्वव्यापी रूप से एक बार कर लगाती हैं, जिसे विंडफॉल टैक्स** कहा जाता है।
- एक क्षेत्र जहाँ इस तरह के करों पर नियमित रूप से चर्चा की गई है, वह तेल बाज़ार है, जहाँ मूल्यों में उतार-चढ़ाव उद्योग को **अस्थिर या अनियमित मुनाफे** की ओर ले जाता है।

ऑक्सफैम इंटरनेशनल:

- **ऑक्सफैम इंटरनेशनल 21 स्वतंत्र धर्मार्थ संगठनों का एक संघ है** जो **90 से अधिक देशों में** भागीदारों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे है।
- इस मिशन का उद्देश्य **गरीबी** उत्पन्न करने वाले **अन्याय** को समाप्त करना है।
- ऑक्सफैम लोगों को गरीबी से बाहर निकालने और विकसित बनाने के लिये **व्यावहारिक एवं अभिनव माध्यमों** से कार्य करता है।
- **संकट आने पर** वे **जीवन का बचाव** और **आजीविका** के पुनर्निर्माण में मदद करते हैं।
- वे अभियान चलाते हैं ताकि **गरीबों की आवाज़** उन **स्थानीय और वैश्विक निर्णयों** को प्रभावित करे जो उन्हें प्रभावित करते हैं।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/survival-of-the-richest-report-the-india-story